प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

03.01.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11.00 बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज अपने सरकारी आवास ओकओवर में हिमाचल प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन व ग्रामीण विकास विभाग द्वारा शुरू की जा रही हिम ईरा ई–कार्मस प्लेटफार्म और हिम ईरा फूड वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस प्लेटफार्म से लगभग साढ़े तीन लाख महिलाएं अपने उत्पादों को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऑनलाइन बेच सकेंगीं। ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री अनिरूद्व सिंह भी इस कार्यक्रम में मौजूद रहे।

बैठक

वार्षिक बजट 2025–26 में विधायकों की प्राथमिकताओं के निर्धारण के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में दो दिवसीय बैठकों का आयोजन 3 और 4 फरवरी को प्रदेश सचिवालय शिमला में किया जाएगा। एक सरकारी प्रवक्ता के अनुसार इन बैठकों में वार्षिक बजट की विधायक प्राथमिकताओं के निर्धारण के लिए विचार–विमर्श किया जाएगा। बैठकों में विधायकों से मित्तव्ययता उपायों, वित्तीय संसाधन जुटाने व बेहतर प्रशासन के संदर्भ में प्राप्त सुझावों पर भी चर्चा होगी।

भाजपा

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव के लिए केंद्रीय राज्य मंत्री डॉक्टर जितेंद्र सिंह को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। इस संबंध में भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व ने अधिसूचना जारी कर दी है। पार्टी द्वारा मंडलों के अध्यक्षों को नियुक्त करने की प्रक्रिया को भी पूरा किया जा रहा है। इसके अलावा जिला अध्यक्षों के चयन के लिए भी पैनल दिल्ली भेजे गए हैं।

भूंडा महायज्ञ

शिमला जिला में रोहड़ उपमंडल के दलगांव में देव आगमन के साथ ही भुंडा महायज्ञ शुरू हो गया है। लगभग 39 वर्षों बाद हो रहे इस महायज्ञ के दूसरे दिन आज शिखा पूजन व फेर रस्म का आयोजन हो रहा है। महायज्ञ की मुख्य रस्म बेड़ा कल निभाई जाएगी। इस रस्म में एक विशेष व्यक्ति घास की करीब 100 मीटर लंबी रस्सी पर लकड़ी की काठी पर फिसलकर एक छोर से दूसरे छोर पर पहुंचेगा। इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू भी आज भुंडा महायज्ञ में भाग ले रहे हैं।

विंटर कार्निवाल

राजधानी शिमला में विंटर कार्निवाल फिर से शुरू हो गया है। सात दिन के राष्ट्रीय शोक के चलते कार्निवाल को स्थगित किया गया था। आठ जनवरी तक आयोजित किए जा रहे इस कार्निवाल में प्रदेश सहित बालीबुड व पंजाबी कलाकार लोगों का मनोरंजन कर रहे हैं। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता रितेष कपूर की ये रिपोर्ट–

डिस्पैच–

एतिहासिक रिज मैदान पर फिर से शुरू हुए कार्निवाल की सांस्कृतिक संध्या में पर्यटकों सहित स्थानीय लोगों में खासा जोश नजर आया। खचाखच भरे रिज मैदान पर पंजाबी गायक सतिंद्र सरताज के गानों पर लोग खूब झूमे। इससे पूर्व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए कहा कि क्रिसमस व नव वर्ष का जश्न मनाने के लिए भारी तादाद में पर्यटक शिमला पहुंचते हैं। पर्यटकों का मनोरंजन व हिमाचली संस्कृति से उन्हें रूबरू करवाने के लिए हर वर्ष विंटर कार्निवाल आयोजित करने का निर्णय लिया गया है।

संजय अवस्थी

विधायक संजय अवस्थी ने कहा है कि प्रदेश सरकार ने मात्र दो वर्ष में 31 हजार सरकारी नौकरियां प्रदान की हैं। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने अपने कार्यकाल में केवल 20 हजार नौकरियां ही उपलब्ध करवाईं। उन्होंने कहा कि सरकार स्वरोजगार को बढ़ावा दे रही है और 680 करोड़ की राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्ट अप योजना के माध्यम से युवाओं को स्वरोजगार के अवसर प्राप्त हो रहे हैं।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज हल्के बादल छाए हैं। प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों सहित निचले मैदानी इलाकों में लोगों को सुबह शाम भीषण ठंड का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विज्ञान केन्द्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि प्रदेश में 4 जनवरी से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है जिसके चलते उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में हिमपात और अन्य भागों में वर्षा की सम्भावना है।

वाटर स्पोर्ट्स

कांगड़ा जिला उपायुक्त हेमराज बैरवा ने पर्यटन विभाग के अधिकारियों को पौंग बांध में वाटर स्पोर्ट्स की गतिविधियां शीघ्र आरंभ करने के लिए कारगर कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में आयोजित एक बैठक में उन्होंने कहा कि जिले में वॉटर स्पोर्ट्स तथा उससे जुड़ी गतिविधियों को बढ़ावा देने औरउनके संचालन को लेकर प्रशासन द्वारा एक सोसायटी गठित की गई है।